# फोकट के प्रचार से बिगड़ रही शहर की खूबसूरती

**खास बातें**
- सरकारी खंबो पर महीनों लटके रहते हैं पोस्टर
- नपा और प्रशासन नहीं देता ध्यान, नेताओं की चल रही नेतागिरी



**नवभारत न्यूज**
**विदिशा 23 फरवरी, शहर की सड़कों पर इन दिनों अव्यवस्था का एक नया चेहरा सामने आ रहा है. मुख्य मार्गों, चौराहों और बिजली के खंभों पर बेतरतीब ढंग से लगाए गए होर्डिंग्स, बैनर और पोस्टर न केवल नगर की सुंदरता को बिगाड़ रहे हैं, बल्कि यातायात व्यवस्था के लिए भी गंभीर खतरा बनते जा रहे हैं. शहर के व्यस्ततम मार्गों पर खंभों और डिवाइडरों के चारों ओर कई-कई परतों में प्रचार सामग्री चस्पा कर दी गई है, जिससे दृश्यता प्रभावित हो रही है और दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है.**

शहर के प्रमुख चौराहों और बाजार क्षेत्रों में हालात यह हैं कि बिजली के खंभे पूरी तरह पोस्टरों से ढंके नजर आते हैं. कोचिंग संस्थानों के विज्ञापन, राजनीतिक कार्यक्रमों के बैनर, जन्मदिन की शुभकामनाएं और निजी प्रचार सामग्री एक-दूसरे के ऊपर चिपकी हुई दिखाई देती हैं। कई स्थानों पर बड़े-बड़े फ्लेक्स बोर्ड डिवाइडरों और रेलिंग से बांध दिए गए हैं, जो सड़क किनारे खड़े वाहनों और पैदल यात्रियों के लिए परेशानी का कारण बन रहे हैं. स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस तरह की अव्यवस्थित प्रचार सामग्री से चालकों का ध्यान भटकता है.खासकर दोपहिया वाहन चालक जब चौराहों से गुजरते हैं तो उनका ध्यान सड़क संकेतों के बजाय रंग-बिरंगे होल्डिंग्स की ओर चला जाता है. कई स्थानों पर मोड़ों और तिराहों पर लगे बैनरों के कारण सामने से आने वाले वाहनों की दृश्यता बाधित हो जाती है, जिससे टक्कर की आशंका बनी रहती है. शाम के समय जब रोशनी कम होती है, तब यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है. कुछ स्थानों पर बैनर ढीले होकर हवा में लटकते रहते हैं. तेज हवा या बारिश के दौरान इनके सड़क पर गिरने का खतरा बना रहता है. नगरवासियों का आरोप है कि नियमों को ताक पर रखकर बिना अनुमति के प्रचार सामग्री लगाई जा रही है. नगर पालिका द्वारा निर्धारित स्थानों के अलावा भी निजी और राजनीतिक कार्यक्रमों के नाम पर शहरभर में होल्डिंग्स टांगे जा रहे हैं.

कई बार कार्यक्रम समाप्त होने के बाद भी बैनर नहीं हटाए जाते, जिससे वे महीनों तक वहीं लगे रहते हैं और धीरे-धीरे फटकर कचरे में तब्दील हो जाते हैं.इससे न केवल सौंदर्य प्रभावित होता है बल्कि स्वच्छता पर भी विपरीत असर पड़ता है. व्यापारी संगठनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी इस मुद्दे को गंभीर बताया है.उनका कहना है कि शहर की छवि खराब हो रही है और बाहर से आने वाले लोगों पर गलत प्रभाव पड़ता है. यदि प्रशासन सख्ती नहीं करेगा तो यह समस्या और विकराल रूप ले सकती है. कुछ नागरिकों ने सुझाव दिया है कि नगर पालिका को नियमित अभियान चलाकर अवैध होल्डिंग्स हटाने चाहिए और जिम्मेदार व्यक्तियों या संस्थाओं पर आर्थिक दंड लगाया जाना चाहिए.जानकारों का मानना है कि स्पष्ट नीति और सख्त अमल से इस समस्या का समाधान संभव है. शहर में प्रचार सामग्री लगाने के लिए निर्धारित स्थानों की सूची सार्वजनिक की जाए और बिना अनुमति लगाए गए बैनरों को तत्काल हटाने की व्यवस्था हो.साथ ही आयोजकों को कार्यक्रम समाप्त होने के 24 घंटे के भीतर स्वयं बैनर हटाने का निर्देश दिया जाए, अन्यथा जुर्माना वसूला जाए.फिलहाल शहरवासी प्रशासन से ठोस कार्रवाई की अपेक्षा कर रहे हैं। उनका कहना है कि यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो अव्यवस्थित होल्डिंग्स शहर की यातायात व्यवस्था और सुरक्षा के लिए लगातार खतरा बने रहेंगे.

# प्रभावित रहवासियों ने कहा जरूरत से ज्यादा जमीन की जा रही है अधिग्रहण

**मिर्जापुर हाईवे पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई, मुआवजा दिए जाने का प्रशासन का दावा**



**नवभारत न्यूज**
**विदिशा 23 फरवरी, शहर के मिर्जापुर हाईवे क्षेत्र में प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगातार जारी है. सड़क चौड़ीकरण कार्य में बाधा दूर करने के उद्देश्य से की जा रही है.अधिकारियों के अनुसार, जिन दुकानदारों की भूमि या संरचनाएं प्रभावित हुई हैं, उन्हें नियमानुसार मुआवजा प्रदान किया गया है.**

राजस्व विभाग ने दावा किया है कि पूर्व में सर्वे कर प्रभावितों की सूची तैयार की गई थी और उसी के आधार पर भुगतान प्रक्रिया पूरी की गई.कार्रवाई के दौरान तहसीलदार स्वयं मौके पर मौजूद रहीं और पूरी प्रक्रिया की निगरानी की.उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से की जाए और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो. पुलिस बल भी एहतियातन तैनात रहा, जिससे स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में रही। हालांकि कुछ दुकानदारों ने मुआवजे की राशि को लेकर असंतोष जताया है. उनका कहना है कि उन्हें अपेक्षा से कम राशि मिली है. वहीं क्षेत्र के लोगों का कहना है कि उनकी जमीन को अधिग्रहण किया गया था उस हिसाब से मुआवजा मिला है. अब और अधिक जमीन अधिग्रहण की जा रही है. जिसका मुआवजा भी नहीं दिया जा रहा है. इसी बात को लेकर यहां पर तनाव की स्थिति बनी. प्रभावित लोगों ने इस मामले में बताया कि उनकी अधिक जमीन अधिग्रहण की जा रही है जिसकी शिकायत जनसुनवाई में भी की जा चुकी है और सीएम हेल्प लाइन में भी शिकायत की जा चुकी है वहां से अभी तक समाधान नहीं हुआ और जमीन को जबरन अधिग्रहण किया जा रहा है.

## 190 मरीजों की जांच, 36 ऑपरेशन के लिए रेफर

**नवभारत न्यूज**
**शमशाबाद,** मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की विदिशा जिला इकाई एवं शमशाबाद तहसील इकाई के तत्वावधान में शमशाबाद में सतगुरु सेवा ट्रस्ट आनंदपुर के सहयोग से विशाल नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया.समाजसेवा की भावना से आयोजित इस शिविर में क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर लाभ उठाया.शिविर में कुल 190 मरीजों की आंखों की जांच की गई.जांच के दौरान 105 मरीजों को आई ड्रॉप एवं आवश्यक दवाएं नि:शुल्क वितरित की गईं.गंभीर समस्या से पीड़ित 36 मरीजों को भर्ती कर ऑपरेशन के लिए अनंतपुर भेजा गया. वहीं 48 मरीजों की दृष्टि जांच की गई, जिनमें से 42 जरूरतमंद मरीजों को नि:शुल्क चश्मे प्रदान किए गए.कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसडीएम अजय प्रताप सिंह , नायब तहसीलदार डॉ. दर्शन लाल नेगी ने सरस्वती माता के चित्र पर माल्यार्पण करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया वहीं मरीजों को फूल माला पहना कर एस डी एम अजय प्रताप सिंह स्वागत किया.इस अवसर पर ईश्वरी भार्गव, किशन सिंह राजपूत,विमल विश्वकर्मा, जिला महासचिव रुपेश आर्य, सौरभ जैन, धर्मेंद्र प्रजापति, अंकुश साहू, कुलदीप शर्मा, सैफ अली खान आदि मौजूद रहे.



## क्षत्रिय खंगार समाज की बैठक, धर्मशाला की रजिस्ट्री कराने पर बनी सहमति

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** रविवार को क्षत्रिय खंगार समाज विकास सेवा संघ की बैठक मां गजानन माता मंदिर धर्मशाला में आयोजित हुई.सर्वप्रथम कुलदेवी मां गजानन माता के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण किया गया एवं गढ़कुड़ार नरेश महाराजा खेत सिंह खंगार की तस्वीर पर तिलक लगाकर माल्यार्पण प्रताप सिंह राय राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, रघुवीर सिंह पटवारी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं समन्वयक, अशोक सिंह राय राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने किया.बैठक में अखिलेंद्र सिंह मिर्था द्वारा धर्मशाला की शौचालय निर्माण और धर्मशाला की रजिस्ट्री में जो भी पैसा खर्च होगा स्वयं द्वारा लगाने की घोषणा की गई एवं सर्वसम्मति से निर्णायक का ताली बजाकर स्वागत किया गया. बैठक में शिवचरण राय, राजेंद्र राय, प्रीतम सिंह राय, शैलेश राय सरपंच, रामस्वरूप राय सरपंच, राजेश राय सरपंच, प्रेम सिंह परिहार , वीर सिंह राय, ग्यारसी लाल राय, जगन्नाथ सिंह भगत जी, अभिषेक राय, श्रीकांत परिहार, धर्मेंद्र परिहार आदि मौजूद रहे.

## नीमताल चौराहा पर अवैध हुक्का-तंबाकू बिक्री का भंडाफोड़, आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा, जिले में अवैध तंबाकू उत्पादों की बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने नीमताल चौराहा क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक दुकान संचालक को गिरफ्तार किया है. यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन एवं वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में की गई.**



पुलिस को 21 फरवरी को सूचना प्राप्त हुई थी कि नीमताल चौराहा स्थित लूट ऑप्टिकल नामक दुकान पर अवैध रूप से हुक्का और तंबाकू फ्लेवर बेचे जा रहे हैं. सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की. जांच के दौरान दुकान संचालक रोहित राजपूत पिता सुरेश राजपूत द्वारा प्रतिबंधित हुक्का सामग्री एवं तंबाकू फ्लेवर का अवैध विक्रय किया जाना पाया गया. तलाशी के दौरान दुकान से शीशे एवं चीनी मिट्टी से बने 10 हुक्के, हुक्का में प्रयुक्त सिल्वर पन्नी का एक पैकेट, एक नोजल पैकेट, पांच हुक्का पाइप तथा 70 हुक्का तंबाकू फ्लेवर पैकेट बरामद किए गए. जब्त सामग्री के आधार पर आरोपी के विरुद्ध सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम, 2023 की धारा 6/24 तथा बीएनएस की धारा 271 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है. कार्रवाई में थाना प्रभारी आनंद राज सहित पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विदिशा पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी. साथ ही ई-सिगरेट और अन्य प्रतिबंधित उत्पादों की अवैध बिक्री पर विशेष निगरानी रखी जा रही है. पुलिस ने आमजन से अपील की है कि अवैध कारोबार की सूचना तत्काल पुलिस को दें, सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी.

## बीएलओ ड्यूटी के बाद भी नगर पालिका कर्मचारियों का 7 दिन का वेतन रोका

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा, नगर पालिका परिषद विदिशा के कर्मचारियों ने सात दिन का वेतन रोके जाने पर नाराजगी जताते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है.कर्मचारियों का आरोप है कि उन्होंने निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बीएलओ ( बूथ लेवल ऑफिसर ) की जिम्मेदारी पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाई, इसके बावजूद बिना किसी पूर्व सूचना या कारण बताए उनका वेतन रोक दिया गया.**

ज्ञापन में कर्मचारियों ने बताया कि चुनावी कार्य के दौरान उन्होंने घर-घर जाकर मतदाता सत्यापन, नाम जोड़ने-हटाने और आवश्यक दस्तावेजी प्रक्रिया पूरी की. यह कार्य अतिरिक्त जिम्मेदारी के रूप में किया गया, जिससे नियमित कार्यालयीन कार्य भी प्रभावित हुए. इसके बावजूद सात दिन का वेतन रोक दिया जाना अन्यायपूर्ण है ।कर्मचारियों का कहना है कि वेतन कटौती या रोक संबंधी कोई लिखित आदेश या स्पष्टीकरण उन्हें उपलब्ध नहीं कराया गया है. इस निर्णय से कर्मचारियों और उनके परिवारों पर आर्थिक दबाव बढ़ा है.उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि रोका गया वेतन शीघ्र जारी किया जाए तथा भविष्य में इस प्रकार की कार्रवाई से पहले स्पष्ट सूचना दी जाए.कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे आगे की रणनीति पर विचार करने को बाध्य होंगे.प्रशासन की ओर से फिलहाल मामले की जांच कर उचित निर्णय लेने का आश्वासन दिया गया है.

## किसान महापंचायत में शामिल होने कार्यकर्ता जाएंगे भोपाल, वार्ड स्तर पर बैठकों का आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** इंडिया-यूएस कृषि ट्रेड डील के विरोध में कॉंग्रेस द्वारा 24 फरवरी को भोपाल में किसान महापंचायत का आयोजन किया जा रहा है जिसमें लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी व राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे शामिल होंगे.इस की तैयारी को लेकर जिला कॉंग्रेस के निर्देशन में किसान महापंचायत की तैयारी को लेकर नगर कॉंग्रेस कमेटी द्वारा शहर की विभिन्न वार्डो में कार्यकर्ताओं की बैठक रखी जा रही है , इस सम्बंध में अयोध्या बस्ती में कार्यकर्ता की बैठक रखी गई जिसमें जिला अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ,नगर कॉंग्रेस अध्यक्ष रवि साहू , जिला मीडिया प्रभारी सुशील शर्मा, गोविंद भार्गव , पूर्व पार्षद बृजेंद्र वर्मा , रूप सिंह किरार, शरद शर्मा , राहुल रघुवंशी, बद्री यादव मुख्य रूप से शामिल हुए. बैठक में अधिक से अधिक संख्या मे किसान महापंचायत में शामिल होने के कार्ययोजना पर विचार-विमर्श किया गया,जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी एवं नगर अध्यक्ष रवि साहू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पूरी मजबूती से अन्नदाताओं के साथ खड़ी है , जिला कॉंग्रेस मीडिया प्रभारी सुशील शर्मा ने बताया की जिले से हजारो कार्यकर्त्ता उक्त्त किसान महापंचायत में शामिल होंगे. कार्यकर्ता सुबह 8 बजे ट्रेन से एवं 9 बजे कॉंग्रेस कार्यालय से निजी वाहनों से भोपाल के लिए रवाना होंगे.



## हलाली डैम से उड़ी उम्मीद की उड़ान, मध्यप्रदेश बना देश का 'गिद्ध राज्य'

**नवभारत न्यूज**
**सांची, हलाली डैम क्षेत्र में लुप्तप्राय प्रजाति के पांच गिद्धों को प्राकृतिक वातावरण में मुक्त किया. इनमें चार भारतीय गिद्ध ( लॉन्ग-बिल्ड वल्चर ) और एक सिनेरियस गिद्ध ( ब्लैक वल्चर ) शामिल है.**मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि मध्यप्रदेश में वन्यजीव संरक्षण की दिशा में ऐतिहासिक कार्य हो रहे हैं. पारिस्थितिकी तंत्र में 'प्रकृति के सफाईकर्मी' के रूप में गिद्धों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है. उनका संरक्षण जैव विविधता की रक्षा और पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के लिए अनिवार्य है. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार संकटग्रस्त प्रजातियों के संरक्षण हेतु निरंतर और वैज्ञानिक प्रयास कर रही है.मुख्यमंत्री ने बताया कि प्राकृतिक आवास में छोड़े गए इन गिद्धों पर



जीपीएस ट्रैकर लगाए गए हैं, जिससे उनके आवागमन, व्यवहार और सुरक्षा की सतत निगरानी की जा सकेगी. उन्होंने कहा कि एशिया से विलुप्त हो रहे चीतों के पुनर्वास की तरह गिद्ध संरक्षण भी प्रदेश की प्राथमिकता में शामिल है.इस अवसर पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक शुभरंजन सेन ने जानकारी दी कि उच्च परिशुद्धता वाले जीपीएस-जीएसएम उपग्रह ट्रांसमीटरों से सुसज्जित इन गिद्धों को भोपाल स्थित गिद्ध संरक्षण प्रजनन केंद्र में अनुकूलन और अवलोकन अवधि के बाद मुक्त किया गया है.टैगिंग प्रक्रिया वन विभाग एवं संबंधित संस्थाओं की उपस्थिति में विशेषज्ञ पशु चिकित्सकों की देखरेख में संपन्न हुई.उन्होंने बताया कि भारतीय गिद्ध सामान्यत: सीमित क्षेत्र में निवास करते हैं, जबकि सिनेरियस गिद्ध 'मध्य एशियाई फ्लाईवे' के अंतर्गत लंबी दूरी का प्रवास करते हैं, जो 30 से अधिक देशों तक फैला प्रमुख प्रवासी पक्षी गलियारा है.गिद्ध पारिस्थितिकी तंत्र में मृत पशुओं का शीघ्र निस्तारण कर संक्रमण और बीमारियों के प्रसार को रोकते हैं. मध्यप्रदेश लंबे समय से देश में गिद्धों की समृद्ध आबादी का केंद्र रहा है.प्रदेश में भारतीय गिद्ध, सिनेरियस गिद्ध, मिस्र गिद्ध तथा हिमालयन ग्रिफॉन जैसी प्रजातियाँ पाई जाती हैं.मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश देश का अग्रणी गिद्ध राज्य है.वर्ष 2025 की गणना के अनुसार प्रदेश में गिद्धों की संख्या 12,710 दर्ज की गई. यह उपलब्धि राज्य सरकार के दूरदर्शी नेतृत्व और वैज्ञानिक संरक्षण रणनीतियों का परिणाम है.


**विकास पचौरी रेडियो**
84 35 250 250
मोबाइल के प्ले स्टोर पर
Vikas Pachori Radio
टाइप करके इंस्टॉल कीजिए
और लगातार 24 घण्टे
आनंद लीजिए.


## गौ भोज करके माताजी को दी श्रद्धांजलि

**नवभारत न्यूज**
**मेहलुआ चौराहा/ कुरवाई, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पंडित टीकाराम तिवारी, की माता श्रीमती रज्जो देवी तिवारी के 105 वर्ष की आयु में देवलोक गमन होने पर परिवार जनों के द्वारा उनकी गंगा जली पूजन तेरहवीं कार्यक्रम में सर्वप्रथम निकट की श्री गोपाल गौशाला मेहलुआ चौराहा पहुंचकर गौ वंश को भरपूर प्रसादी खिलाई गई, इस मौके पर चापड़ सानी बनाकर तिवारी परिवार के द्वारा स्वयं गौ वंश की सेवा की गई.** श्री मति रज्जी तिवारी के देवलोक गमन उपरांत आत्मशांति हेतु तिवारी परिवार द्वारा गौ वंश की सेवा का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया गया. श्रद्धांजलि कार्यक्रम के अवसर पर समाजसेवी पडित गोरेलाल तिवारी, जिला पंचायत के पूर्व सदस्य पं टीकाराम तिवारी, देवेंद्र तिवारी,अवधेश तिवारी के द्वारा निर्णय लिया गया समाजिक भोज से पहले गौ माताओं को गौ ग्रास हेतु एक ट्राली भूसे की सांधी सभी प्रकार के मिष्ठान फल फरूट का भोग श्री गोपाल गौ शाला मेहलुआ चौराहा की गौ माताओं का भोज करवा कर, माताजी को अनुपम श्रद्धांजलि होगी. उनके इस आयोजन से क्षेत्र में गौ माता की सेवा करने का अनूठा उदाहरण सामने आया है.श्री गोपाल गौशाला के संचालक संजीव रघुवंशी के द्वारा तिवारी परिवार के द्वारा गौशाला में सेवा करने पर उनका आभार व्यक्त किया गया.

## मूर्खाधिराज के जुलूस को लेकर हुई बैठक

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** आदर्श होली उत्सव समिति, विदिशा के तत्वावधान में सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति एवं जन चेतना मंच विदिशा के सहयोग से 4 मार्च बुधवार को निकलेगा परंपरागत मूर्खाधिराज का जूलूस. जुलूस माधवगंज हास्पिटल रोड़ से समाजसेवी राघवजी भाई के निवास से प्रात: 9 बजे निकलेगा. जूलूस में मूर्खाधिराज भी शहर भ्रमण पर निकलेंगे. जूलूस में हुरियारे शहर में नागरिकों को होली की शुभकामनाएं भी गले मिलकर व रंग गुलाल लगाकर देंगे.प्राचीन वाधयंत्रों ढपले भी जूलूस में नृत्य के लिए शामिल रहेंगे.इस आयोजन की भव्य व्यवस्थाओं हेतु एक बैठक का आयोजन समाजसेवी राघवजी भाई के निवास पर रखी गई.जिसमें जुलूस संयोजक कौशल मांझी बनाये गए.



**आयोजन** | **23वीं श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता 2026 का छठवां दिन**

## यूआईटी, आरजीपीव्ही भोपाल ने एसआईआरटी भोपाल को 7 विकटों से हराया

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा , सम्राट अशोक अभियांत्रिकीय संस्थान में आयोजित 23वीं श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता 2026 के छठवें दिन यू.आई.टी., आर.जी.पी.व्ही भोपाल विरूद्ध एस.आई.आर.टी भोपाल के मध्य खेला गया. यू.आई.टी., आर.जी.पी.व्ही भोपाल ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया.**



एस.आई.आर.टी. भोपाल ने पहले खेलते हुये निर्धारित 20 ओर्वस में आठ विकेट खोकर 147 रन बनाये, एस.आई.आर.टी.भोपाल के बल्लेबाज करण शर्मा ने 2 चैके 01 छक्के की मदद से 38 गेंदों पर 35 रन बनाये वहीं उनका साथ देते हुए अज़ान खॉन ने 19 गेंदों पर 30 रन बनाये इस पारी में उन्होने 1 चैके और 2 छक्के मारे.यू.आई.टी., आर.जी.पी.व्ही भोपाल के गेंदबाज तरंग ने 4 ओवर्स में 11 रन देकर 2 विकेट व भारतल असनानी ने 4 ओवर्स में 22 रन देकर 2 विकेट हासिल किये.जबाब में खेलते हुए यू.आई.टी., आर.जी.पी.व्ही भोपाल ने एक तरफा मुकाबले में एस.आई.आर.टी. भोपाल को मात्र 12 ओवर में 150 रन बना कर हरा दिया. हिमांष मेवाड़ा ने मात्र 24गेंदों में नाबाद 71 रन बनाये इस पारी में उन्होंने 12 चैके और 03 छक्के लगाये. वहीं उनका साथ देते हुये सृजल शर्मा ने 23 गेंदों पर नाबाद 37 रन बनाये इस पारी में उन्होंने 04 चैके और 01 छक्का लगाया.एस.आई.आर.टी. के गेंदबाज आषीष रावत ने 3 ओर्वस में 24 रन देकर 2 विकेट हासिल किये.

## विदिशा में ब्रीथ एनालाइजर प्रशिक्षण, सड़क सुरक्षा को मिलेगी मजबूती

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा, जिले में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने और नशे में वाहन चलाने की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से सोमवार को पुलिस कंट्रोल रूम, में ब्रीथ एनालाइजर संबंधी विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया. यह प्रशिक्षण पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में संपन्न हुआ.**

प्रशिक्षण का संचालन यातायात थाना प्रभारी आशीष राय द्वारा किया गया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ब्रीथ एनालाइजर उपकरण के सही संचालन, जांच प्रक्रिया, रिपोर्ट तैयार करने की विधि, साक्ष्य संकलन और संबंधित विधिक प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी. साथ ही उपकरण का व्यवहारिक प्रदर्शन कर यह भी बताया गया कि विभिन्न परिस्थितियों में किस प्रकार इसकी सटीक रीडिंग ली जाए और उसे कानूनी प्रक्रिया में शामिल किया जाए. कार्यक्रम में जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस), थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी एवं विभिन्न थानों के पुलिसकर्मी उपस्थित रहे. प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने उपकरण के उपयोग का व्यावहारिक अभ्यास किया, जिससे उनकी कार्यकुशलता में वृद्धि हुई. पुलिस अधीक्षक काशवानी ने निर्देश दिए कि जिले में नियमित रूप से विशेष चेकिंग अभियान चलाकर शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए. उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीकी संसाधनों का प्रभावी उपयोग ही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने का मजबूत आधार है.